के कारण केरल का तटवर्ती क्षेत्र औद्योगिक दृष्टि से बहुत पिछड़ा हुआ है;

(ख) क्या यह भी सच है कि केरल के तटवर्ती क्षेत्र के लोगों ने एलापी-कोचीन क्षेत्र में रेलवे लाइन बिछाये जाने की मांग की है;

(ग) यदि हाँ, तो रेलवे विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की जा रही है;

(घ) क्या सरकार का विचार इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास तथा इस क्षेत्र को अन्य सुविधाएं प्रदान करने की दृष्टि से वहां पर रेलवे लाइनें बिछाने का है; और

(ङ) यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) केरल के तटवर्ती क्षेत्र की आवश्यकताएं जल/सड़क परिवहन से अच्छी तरह से पूरी हो जाती हैं । रेल परिवहन के अभाव के कारण इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास में किसी प्रकार की कठिनाई हो रही है, इस बात की रेलों को कोई जानकारी नहीं है ।

(ख) जी हां ।

(ग) से (ङ). कोल्लम-एरणाकुलम लाइन का निर्माण करते समय इस तटवर्ती लाइन के निर्माण के प्रश्न पर विचार किया गया था । लेकिन इस प्रस्ताव को छोड़ दिया गया, क्योंकि इसमें वेम्बानाद झील के आर-पार एक बड़ा पुल बनाना पड़ेगा । वर्तमान कठिन अर्थोपाय स्थिति को देखते हुए एलपी-कोचीन के बीच एक तटवर्ती रेलवे लाइन के निर्माण पर विचार करना सम्भव नहीं है ।

बिना टिकट यात्रा

4521. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पश्चिमी रेलवे में बिना टिकट यात्रा करने के कारण मार्च, 1968 से लेकर अब तक कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये;

(ख) बिना टिकट यात्रा करने के कारण जुर्माने के रूप में सरकार ने उपरोक्त अवधि में कितनी राशि प्राप्त की; और

(ग) उस अवधि में कितने व्यक्तियों पर मुकदमे चलाये गये और कितने व्यक्तियों को सजा दी गई ?

रेलवे मंत्री (श्री च० मु० पुनाचा) : (क) पश्चिम रेलवे पर बिना टिकट यात्रा करने के कारण मार्च, 1968 से जून, 1968 तक की अवधि में 13,665 व्यक्ति गिरफ्तार किय गये ।

(ख) 4,20,825 रुपये ।

(ग) 13,665 व्यक्तियों पर मुकदमा चलाया गया और 13,291 व्यक्तियों को सज़ा दी गई ।

बिना टिकट यात्रा रोकने पर व्यय

4522. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि बिना टिकट यात्रा न करने देने की दृष्टि से नियुक्त किये गये टिकट परीक्षकों, पुलिस कर्मचारियों, दण्डाधिकारियों तथा टिकट कलेक्टरों पर सरकार का ति वर्ष कितना खर्च आता है ?

रेलवे मंत्री (श्री च० मु० पुनाचा) : 1967-68 के दौरान 5,91,13,171 रुपये खर्च हुए ।

पश्चिम रेलवे में जंजीर खींचने की घटनाएं

4523. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पश्चिम रेलवे में जनवरी, 1968 से अब तक जंजीर खींचने की कितनी घटनाएं हुईं; और